वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 06.12.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर"अमर उजाला, दैनिक जागरण, न्यायाधीश,यूनाइटेड भारत,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

दैनिक जागरण–दि0 06.12.2025

तीन विभाग की जमीन जल्द होगी नीलाम

वाराणसी : कमिश्नरी परिसर में बन रहे मंडलीय कार्यालय के बदले संबंधित विभाग की जमीन लेने को लेकर शुक्रवार को वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि उद्यान विभाग, संयुक्त निदेशक कृषि, आबकारी, व्यवसायिक शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, एलटी कालेज, बीएसए कार्यालय, उद्योग विभाग, श्रमायुक्त व बचत कार्यालय, जल निगम (ग्रामीण) समेत 11 विभागों का निरीक्षण किया। कहा कि 11 विभागों में से तीन बचत, उद्यान और कृषि विभाग की जमीन जल्द नीलाम की जाएगी। उनके साथ अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा, तहसीलदार सुनील कुमार श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक सत्तार अली अंसारी तथा सलाहकार प्रभाकर पांडेय रहे।

अमर उजाला–दि0 06.12.2025

3 विभागों की जमीन होगी नीलाम

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने शुक्रवार को एकीकृत मंडलीय कार्यालय भवन में शिफ्ट होने वाले 11 विभागों का निरीक्षण किया। इन 11 विभागों में से तीन विभाग बचत, उद्यान एवं कृषि की जमीनों की तत्काल प्रभाव से नीलामी करने के निर्देश दिए। शेष विभागों को शिफ्ट करने के बाद नीलामी प्रक्रिया शुरू होगी।

इन स्थलों से संबंधित भूमि वीडीए की ओर से लेने का प्रस्ताव है। इसका क्षेत्रफल करीब 35 हजार वर्ग मीटर है। इनमें उद्यान विभाग, संयुक्त कृषि निदेशक, आबकारी विभाग, व्यवसायिक शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, एलटी कॉलेज, बीएसए कार्यालय, उद्योग विभाग, श्रमायुक्त कार्यालय, बचत कार्यालय, जल निगम (ग्रामीण) विभाग शामिल हैं।

बता दें कि शासन के निर्देश पर प्रस्तावित एकीकृत मंडलीय कार्यालय भवन में जिले के विभिन्न मंडलीय कार्यालयों को एक ही भवन में स्थापित किया जाएगा। ब्यूरो

न्यायाधीश–दि0 06.12.2025

उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा एकीकृत मण्डलीय कार्यालय भवन के लिए चिन्हित 11 स्थलों का निरीक्षण

वाराणसी। शासन के निर्देशानुसार वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित एकीकृत मण्डलीय कार्यालय भवन में जिले के विभिन्न मण्डलीय कार्यालयों को एक ही भवन में स्थापित किए जाने की कार्यवाही प्रगति पर है। इसी क्रम में आज दिनांक 05/12/2025 को वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोरा द्वारा मौद्रिकरण हेतु चिन्हित 11 स्थलों का निरीक्षण किया गया। जल्द ही शासन के निर्देश पर नीलामी प्रक्रिया शुरू की जाएगी।इन स्थलों से संबंधित भूमि वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा लिए जाने का प्रस्ताव है, जिसका ङकुल क्षेत्रफल लगभग 35000 वर्ग मीटर हैङ , विभाग है– उद्यान विभाग, संयुक्त कृषि निदेशक, आबकारी विभाग, व्यवसायिक शिक्षा, पी0डब्लूयू0डी0, एल0टी0 कॉलेज, बी0एस0ए0 कार्यालय, उद्योग विभाग, श्रमायुक्त कार्यालय, बचत कार्यालय, जल निगम (ग्रामीण)इन 11 विभागों में से तीन–बचत, उदयान एवं कृषि विभाग का तत्काल प्रभाव से नीलामी की जाएगी, शेष विभागों को शिफ्ट करने के बाद नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।निरीक्षण के दौरान अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा, तहसीलदार सुनील कुमार श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक सत्तार अली अंसारी तथा सलाहकार प्रभाकर पाण्डेय उपस्थित रहे।

यूनाइटेड भारत–दि0 06.12.2025

उपाध्यक्ष द्वारा एकीकृत मण्डलीय कार्यालय भवन के लिए चिन्हित 11 स्थलों का निरीक्षण

युनाइटेड भारत

वाराणसी । शासन के निर्देशानुसार वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित एकीकृत मण्डलीय कार्यालय भवन में जिले के विभिन्न मण्डलीय कार्यालयों को एक ही भवन में स्थापित किए जाने की कार्यवाही प्रगति पर है। इसी क्रम में आज दिनांक 05/12/2025 को वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोरा द्वारा मौद्रिकरण हेतु चिन्हित 11 स्थलों का निरीक्षण किया गया। जल्द ही शासन के निर्देश पर नीलामी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इन स्थलों से संबंधित भूमि वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा लिए जाने का प्रस्ताव है, जिसका *कुल क्षेत्रफल लगभग 35000 वर्ग मीटर है विभाग हैंउद्यान विभाग, संयुक्त कृषि निदेशक, आबकारी विभाग,

व्यवसायिक शिक्षा, पीडब्ल्यूडी एलटी कॉलेज, बीएसए कार्यालय, उद्योग विभाग, श्रमायुक्त कार्यालय, बचत कार्यालय, जल निगम (ग्रामीण) इन 11 विभागों में से तीन–बचत, उद्यान एवं कृषि विभाग का तत्काल प्रभाव से नीलामी की जाएगी, शेष विभागों को शिफ्ट करने के बाद नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा, तहसीलदार सुनील कुमार श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक सत्तार अली अंसारी तथा सलाहकार प्रभाकर पाण्डेय उपस्थित रहे।